प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 13.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री और केन्द्रीय गृहमंत्री ने घरेलू दौरों के लिए अपने काफिले का आकार किया छोटा; ईंधन की बचत और आर्थिक मजबूती के लिए उठाया कदम।**

2. **झारखंड कांग्रेस की नई कमिटी पर विवाद और गहराया; वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बाद सांसद सुखदेव भगत ने भी प्रदेश नेतृत्व के फैसलों पर उठाए गंभीर सवाल।**

3. **राज्य में श्रमिकों के लिए सालभर चलने वाला मुफ्त स्वास्थ्य जांच अभियान शुरू; रांची के ईएसआईसी अस्पतालों में होगी चालीस से अधिक उम्र के कामगारों की जांच।**

4. **राज्य के पूर्व मंत्री और गोमिया से चार बार विधायक रहे माधवलाल सिंह का निधन; सादगी और जनसेवा के लिए मशहूर माधव बाबू के जाने से राज्य भर में शोक।**

5. **रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर रांची और टाटानगर से दिल्ली के लिए 23 मई को चलेंगी जनजाति दिवस स्पेशल ट्रेनें, 25 मई को होगी वापसी।**

*********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में घरेलू दौरों के लिए अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है। विशेष सुरक्षा समूह– एसपीजी प्रोटोकॉल के अन्तर्गत अनिवार्य सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं बरकरार रखी हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री के काफिले में वाहनों की संख्या में कमी गुजरात और असम की उनकी हालिया यात्राओं के दौरान लागू की गई थी। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच आयातित ईंधन पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाकर आर्थिक मजबूती में योगदान के लिए प्रधानमंत्री की सात अपीलों के अनुरूप है। प्रधानमंत्री ने बिना नई खरीद के काफिले में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल करने के निर्देश दिए हैं। इधर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी अपने काफिले का आकार घटाकर आधे से भी कम कर दिया है।

*********************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के गठन पर विवाद गहरा गया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बाद लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पर निशाना साधते हुए कहा कि कमेटी बनाने से पहले पूर्व अध्यक्षों को भरोसे में नहीं लिया गया। उन्होंने डीलिमिटेशन कमिटी में किसी भी आदिवासी नेता को जगह न मिलने पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

*********************

झारखंड में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के निर्देश पर श्रमिकों के लिए वर्षभर चलने वाला निःशुल्क स्वास्थ्य जांच अभियान शुरू हुआ है। इसके तहत नामकुम और आदित्यपुर ईएसआईसी अस्पतालों में 40 वर्ष से अधिक उम्र के श्रमिकों की जांच की जाएगी। बीमा आयुक्त प्रायण सिन्हा ने नामकुम अस्पताल का निरीक्षण कर अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए हैं।

*********************

धनबाद नगर निगम बोर्ड की बैठक में राज्य सरकार द्वारा होल्डिंग टैक्स में की गई दस प्रतिशत बढ़ोतरी का सर्वसम्मति से विरोध किया गया। मेयर संजीव सिंह की अगुवाई में बोर्ड ने टैक्स वृद्धि वापस लेने का प्रस्ताव पारित किया। बैठक में पेयजल संकट दूर करने के लिए पानी टंकी स्थापित करने की मंजूरी भी दी गई।

*********************

राज्य के पूर्व मंत्री और गोमिया से चार बार विधायक रहे माधवलाल सिंह का आज रांची के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। हमारे बोकारो संवाददाता ने बताया कि उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे राज्य में शोक व्याप्त है।

*********************

कोयला राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे आज दोपहर बाद धनबाद पहुंच रहे हैं। वे जिला प्रशासन, बीसीसीएल और जेआरडीए के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। इसके अलावा, वे बेलगढ़िया टाउनशिप का दौरा कर विकास योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्ति वितरण करेंगे।

********************

केन्द्र सरकार ने सोने और अन्य कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ा दिया है, जो आज से प्रभावी हो गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सोने और चांदी पर 5 प्रतिशत तथा प्लैटिनम पर पांच दशमलव चार प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा। इसके अलावा, अनुपालन मानदंडों की पूर्ति के अंतर्गत कीमती धातु के प्रयुक्त उत्प्रेरक पर चार दशमलव तीन—पांच प्रतिशत आयात शुल्क निर्धारित किया गया है। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के चलते लोगों से सोने की खरीदारी से बचने की अपील की थी।

********************

दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर रांची और टाटानगर से दिल्ली के लिए जनजाति दिवस स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। रांची—दिल्ली स्पेशल 23 मई को और टाटानगर—आनंद विहार स्पेशल भी इसी दिन रवाना होगी। दोनों ट्रेनें 25 मई को दिल्ली से वापस लौटेंगी।

********************

रांची पुलिस ने हिंदपीढ़ी इलाके में बड़े नशा कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला सहित छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली एएसपी निखिल राय के नेतृत्व में चार थानों की पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में ब्राउन शुगर, गांजा, नशीले इंजेक्शन और आठ लाख चौहत्तर हजार दो सौ रुपये नकद बरामद किए हैं। एएसपी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि नशे के सौदागरों ने इलाके में अलग—अलग स्पॉट बना रखे थे, जहां प्लास्टिक के टेंट लगाकर ड्रग्स का सेवन कराया जाता था।

********************

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों ने शुरुआती नुकसान की भरपाई करते हुए आज सुबह के सत्र में मामूली बढ़त दर्ज की। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 261 अंक बढ़कर 74 हजार 820 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 97 अंक बढ़कर 23 हजार 476 पर पहुंच गया।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 78 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

मौसम विभाग ने आज पलामू प्रमंडल और कुछ अन्य जिलों को छोड़ रांची सहित अधिकांश झारखंड में येलो अलर्ट जारी किया है, जहां 40 किमी की रफ्तार से हवाएं और बारिश हो सकती है। वहीं 15 मई को रांची, धनबाद और संथाल परगना सहित कई जिलों में 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी—बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

********************

भारत में इस साल दक्षिण—पश्चिम मानसून का आगमन इस सप्ताह हो सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण—पश्चिम मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल बन रही हैं। इस सप्ताह के अंत तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में मानसून आ जाएगा।

********************

छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित होने वाली अंडर—17 राष्ट्रीय वुडबॉल प्रतियोगिता के लिए कलकत्ता पब्लिक स्कूल,ओरमांझी के नौ खिलाड़ियों का चयन झारखंड टीम में हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले इन खिलाड़ियों में अनुष्का, शिवानी, सृजल, आकांक्षा और रिया सहित कुल 9 छात्र—छात्राएं राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

*******समाप्त************